तापमान
अधिकतम 42.9 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

12 निगम चुनाव : कांग्रेस ने 20 वार्डों से प्रत्याशी उतारे

12 परमात्मा करते हैं कि सच्चे भक्तों की रक्षा ...


**खबर संक्षेप**

### कुत्ते के हमले से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

यमुनानगर शहर के हमीदा चौकी क्षेत्र की गुलाब नगर कॉलोनी में पड़ोसी के कुत्ते के हमले में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। शहर के गुलाब नगर निवासी ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह करीब छह बजे उनके ससुर विक्रम सिंह घर के पीछे दातून कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी पवन कुमार अपने दो कुत्तों को घुमाते हुए वहां पहुंचा। आरोप है कि उसी समय एक कुत्ता अचानक छूटकर उसके ससुर विक्रम पर टूट पड़ा और उन्हें पांच जगह से बुरी तरह काट लिया। घटना के बाद परिजन तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचेए जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर गाड़ी नाम करवाई, केस

**यमुनानगर।** यमुनानगर में साझेदारी में चल रही टैक्सी को धोखे से अपने नाम कराने का मामला सामने आया है। जिला नारनौल के गांव ढाणी फिरारोद अफगान निवासी बालकिशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त जॉनी के साथ मिलकर टैक्सी चलाते थे और कमाई बराबर बांटते थे। आरोप है कि 2024 में जॉनी ने बेईमानी करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कराए और नवंबर 2024 से दिसंबर 2025 के बीच आरटीए कार्यालय यमुनानगर से गाड़ी अपने नाम ट्रांसफर करा ली। थाना जगाधरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरप्रीत सिंह निवासी सैनिक विहार व हरभजन सिंह निवासी हसंद पट्टी पंजोखरा के रूप में हुई है।

### अफीम तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

ठसीआईए-1 ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रामकरण निवासी बरेली यूपी को 1 किलो अफीम सहित हरि पैलेस अम्बाला शहर के पास से काबू किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बतलाया था कि आरोपी अरुण कुमार भी इस मामले में संलिप्त है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी को बरेली यूपी से गिरफ्तार किया जिसकी पहचान अरुण कुमार मोहल्ला खाजपुरा सलेमाबाद पट्टी उर्फ गुलच मापात तिलहर जिला शाहजहांपुर यूपी के रूप में हुई है।

**यमुनानगर में निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई से हड़कंप**

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर बड़ी कार्रवाई**

# फैक्ट्री पर छापा, 375 किलो पॉलीथिन जब्त

- फैक्ट्री संचालक का 25 हजार रुपये का चालान काटा
- अधिकारियों ने दी सख्त चेतावनी, सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। फैक्ट्री संचालक का चालान करते निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए नगर निगम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तेजली रोड स्थित एक फैक्ट्री में छापेमारी की। नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की गई।जांच के दौरान टीम को फैक्ट्री से 15 बैग में करीब 375 किलोग्राम पॉलीथिन मिली, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नगर निगम ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ 25 हजार रुपये का चालान काटा।

यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर की गई।जानकारी के अनुसार, नगर निगम को सूचना मिली थी कि तेजली रोड स्थित दक्ष फेब्रिक्स फैक्ट्री में कैरी बैग निर्माण के नाम पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम गठित की गई।छापेमारी टीम में नगर निगम के सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञ आकाश, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ राकिब हुसैन, कनिष्ठ अभियंता गौरव तथा होमगार्ड के जवान शामिल थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री की गहन जांच की।जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में कैरी बैग बनाने का कार्य किया जा रहा था, लेकिन इसी आड़ में प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण और बिक्री भी की जा रही थी। टीम ने मौके से 15 बैग में भरी पॉलीथिन बरामद की, जिसका कुल वजन लगभग 375 किलोग्राम था।कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने बरामद पॉलीथिन को जब्त कर लिया और फैक्ट्री संचालक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

**दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई:** इसके साथ ही संचालक को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और भविष्य में इसका उपयोग पूरी तरह बंद करने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर नगर निगम पूरी तरह गंभीर है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### अंबाला: पांच दुकानदारों के कब्जे से 73 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद

**अंबाला।** नगर परिषद अंबाला सदर ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को नगर परिषद और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने छावनी के व्यावसायिक क्षेत्रों में दबिश दी। इस विशेष अभियान के दौरान पांच दुकानदारों के कब्जे से 73 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद किया गया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। टीम ने चूना चौक, अनाज मंडी और पुरानी अनाज मंडी में दबिश देकर प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया। नियमों के उल्लंघन पर इन दुकानदारों से मौके पर ही 1.20 लाख रुपये का नकद जुर्माना वसूला गया। नगर परिषद की टीम ने चूना चौक स्थित मनीष जैन, दिनेश जैन और मुकेश जैन की दुकानों पर कार्रवाई की। इसके अलावा अनाज मंडी से अंकित गुप्ता और पुरानी अनाज मंडी से अंकित अरोड़ा के पास से प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ा।

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़का एससी समाज, सचिवालय पर प्रदर्शन

**मामला दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग, कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के गांव गोंदर में सूरज हत्याकांड को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान एससी समाज पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों का मामला तूल पकड़ गया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में समाज के लोग जिला सचिवालय पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं होता और संबंधित महिला सार्वजनिक माफी नहीं मांगती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

### सचिवालय के बाहर डटे प्रदर्शनकारी

एससी समाज के लोग एकजुट होकर जिला सचिवालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि इस प्रकार की टिप्पणियां पूरे समाज का अपमान हैं और इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। निसिंग निवासी जसबीर कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 अप्रैल को गांव गोंदर में सूरज हत्याकांड को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने एससी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

### कुलदीप पर भड़काऊ बयान देने का आरोप

शिकायत के अनुसार गांव गोंदर निवासी कुलदीप राणा ने भीड़ के बीच समाज को निशाना बनाते हुए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया और माहौल भड़काने का प्रयास किया।

### महिलाओं के खिलाफ भी टिप्पणी का आरोप

एडवोकेट सोनिया तंवर के अनुसार, उसी दौरान गांव गोंदर की रानी देवी ने भी महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ठगी केस में 3.50 लाख रुपये रिलीज करने से कोर्ट का इनकार

**अंबाला।** अदालत ने विदेश भेजने के नाम पर की गई धोखाधड़ी में जब्त 3.50 लाख रुपये की राशि को रिलीज करने से इन्कार कर दिया है। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित शर्मा की अदालत ने सुनाया। अदालत ने निर्देश दिया है कि इस राशि को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में एफडीआर के रूप में तब तक सुरक्षित रखा जाए, जब तक कि मुकदमे का अंतिम फैसला नहीं आ जाता। शिकायतकर्ता लखबीर सिंह ने आरोप लगाया था कि उनके पोते सतविंदर सिंह को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर आरोपी हरभजन, नेहा, दीपक और चिराग ने उनसे लाखों रुपये की ठगी की। पुलिस जांच के दौरान 12 नवंबर 2025 को याचिकाकर्ता हरप्रीत सिंह के पास से 3.50 लाख रुपये बरामद किए गए थे।

### पानीपत में नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने काबड़ी रोड पर चौक के पास नितिन पुत्र धर्मबीर निवासी अर्जुन नगर को 10.82 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि नितिन पर थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं पुलिस ने नितिन को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि नितिन से

### नशा तस्कर 5 दिन के रिमांड पर

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने नवादा आर से नवादा पार रोड पर अयान उर्फ गांधी पुत्र असलम निवासी गंगोह, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को 261 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं, कोर्ट से आयान को पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि उसके साथियों को भी पकड़ा जा सके।

### नांदेड़ दर्शन के लिए जाएगी विशेष ट्रेन



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पांच मई को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ दर्शन के लिए एक स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। वहीं, मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत इस फ्री यात्रा के लिए इच्छुक व्यक्ति सरल पोर्टल पर 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकता है। इधर, रजिस्ट्रेशन उपरांत जिला सचिवालय स्थित जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय में रजिस्ट्रेशन की सूचना देनी होगी।

**यमुनानगर के बहादुरपुर के पास हुआ बड़ा हादसा**

# तेज रफ्तार कार ने युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




जगाधरी पांवटा हाइवे पर गांव बहादुरपुर के पास तेज रफतार कार ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को डॉक्टरों ने चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। दोनों युवक गेहूं कटाई का काम करते थे। घटना के समय देर शाम दोनों गेहूं कटाई के बाद घर लौट रहे थे।। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बहादुरपुर निवासी तरुण और गौरव दोनों गेहूं काटने का काम करते थे। घटना के समय दोनों सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान मेन रोड की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही कार ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे। तरुण के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गईए जबकि गौरव कच्चे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल प्रतापनगर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तरुण को मृत घोषित कर दिया। गौरव को प्राथमिक उपचार के बाद पहले सिविल अस्पताल यमुनानगर भेजा गया। लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। उधर, जांच अधिकारी रोहताश सिंह ने बताया कि आरोपी कार चालक का पता लगाकर उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**अंबाला शहर में खाटू श्याम मंदिर के समीप वारदात**

# खाली मैदान में खड़ी कई गाड़ियों में तोड़फोड़, सामान चुराने का प्रयास

- सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, संगठित गिरोह का हो सकता काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला शहर में खाटू श्याम मंदिर के समीप एक खाली ग्राउंड में रात शरारती तत्वों ने उत्पात मचाया। बता दे कि बदमाशों ने आसपास खड़ी 6 कारों के शीशे तोड़ दिए और कीमती सामान चोरी करने का प्रयास किया। घटना का खुलासा दोपहर तब हुआ जब वाहन मालिक अपनी गाड़ियां लेने पहुंचे। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित नम्रता गौड़ जो पेशे से अधिवक्ता हैं, उन्होंने पुलिस को बताया कि परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में उन्होंने अपनी स्विफ्ट कार मंदिर के पास ग्राउंड में पार्क की थी। दोपहर जब वह अपनी कार लेने पहुंचीं, तो देखा कि ड्राइवर साइड की खिड़की का शीशा और दरवाजे का प्लास्टिक अंदर से टूटा हुआ था। चोरों ने कार का म्यूजिक सिस्टम और एलईडी डिस्प्ले उखाड़ने की कोशिश की थी, जिससे पूरी डिस्प्ले खराब हो गई। ग्राउंड में केवल एक ही नहीं, बल्कि कई गाड़ियां बदमाशों के निशाने पर थीं। जांच के दौरान पाया गया कि वहां खड़ी एक होंडा सिटी कार का अगला टायर और व्हील गायब था। इसके अलावा, एक ए-स्टार कार के दोनों शीशे, एक ऑल्टो कार का ड्राइवर साइड का शीशा और एक पोलो कार का भी अगला शीशा टूटा हुआ मिला। पुलिस को संदेह है कि रात के अंधेरे में किसी गिरोह ने संगठित तरीके से इन गाड़ियों में चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की और कीमती सामान पर हाथ साफ करने की कोशिश की। क्षेत्र में इस तरह की सामूहिक तोड़फोड़ की घटना से वाहन मालिकों में रोष व्याप्त है।

### टेक्सटाइल की दो फैक्ट्रियों में आग

**पानीपत।** पानीपत थर्मल पावर स्टेशन के पास स्थित लाइट टेक्सटाइल और डीएवी थर्मल पब्लिक स्कूल के पास स्थित एबीसी नान वूलन फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। पानीपत तमकाल की टीमों ने दोनों फैक्ट्री में लगी आग को काबू करने का काम शुरू किया। वहीं तापमान अधिक होने और हवा बहने के कारण आग विकराल रूप धारण कर गई। आग के भीषण रूप को देखते हुए दमकल अधिकारियों ने पानीपत रिफायनरी, थर्मल पावर स्टेशन एनएफएल प्लांट से दमकल के टेंडरों को घटनास्थलों बुलवाया। दूसरी और दोनों फैक्ट्रियों में लगी आपके करीब 11 घंटे की मशक्कत के बाद काबू किया। फैक्ट्रियों में लगी आग के कारण तैयार व कच्चा माल आग में जल कर राख हो गया। वहीं फैक्ट्रियों के भवनों को भी भीषण नुकसान हुआ है। इधर, दमकल अधिकारियों ने दोनों फैक्ट्रियों में लगी आग और हुए नुकसान की जांच शुरू कर दी है।

**केयू में भावनात्मक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण पर विशेष संवाद**

# व्यक्ति का मन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत व बाधा

- अवचेतनमन को सकारात्मक विचारों से भरकर जीवन में लाया जा सकता है बदलाव
- आभार, सकारात्मक सोच और 'गोल्डन टाइम' के सही उपयोग से आत्मविश्वास और संतुलन बढ़ाने पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। छात्रों को मोटिवेशन करती माइंडसेट और वेलनेस कोच शिवानी आध्या।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में छात्र कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को सीनेट हॉल में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और मोटिवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टूडेंट इमोशनल हेल्थ, स्पिरिचुअल वेलनेस एंड मोटिवेशन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध माइंडसेट और वेलनेस कोच शिवानी आध्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण और मानसिक दृढ़ता के महत्व पर प्रकाश डाला। मन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ी बाधा होता है।

### अवचेतन मन को सकारात्मक विचारों से भर दें

हमारा कॉन्शियस माइंड एक गेटकीपर की तरह कार्य करता है, जो हर विचार को परखता है, जबकि सबकॉन्शियस माइंड हमारी लगभग 90 प्रतिशत आदतों, व्यवहार और निर्णयों को प्रभावित करता है। इसलिए यदि हम अपने सबकॉन्शियस माइंड को सकारात्मक विचारों से भर दें, तो जीवन में बड़े बदलाव संभव हैं। शिवानी आध्या ने सोने से पहले और जागने के बाद के 45-45 मिनट को गोल्डन टाइम बताते हुए कहा कि इस दौरान कॉन्शियस माइंड कम सक्रिय होता है, जिससे सकारात्मक विचार सीधे सबकॉन्शियस माइंड में प्रवेश करते हैं। इस समय का सही उपयोग आत्मविश्वास बढ़ाने और नकारात्मक सोच को कम करने में सहायक होता है।

### जीवन में उपलब्ध हर चीज, स्वास्थ्य, परिवार के प्रति कृतज्ञ बने

हमें जीवन में उपलब्ध हर चीज स्वास्थ्य, परिवार, अवसर और अनुभव के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। इससे मन में संतोष और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही उन्होंने मैनिफेस्टेशन की एक सरल तकनीक साझा की, जिसमें प्रतिभागियों को प्रतिदिन पांच छोटी-छोटी इच्छाएं लिखने के लिए प्रेरित किया गया। इन इच्छाओं के पूर्ण होने से आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्ति को अपने विचारों की शक्ति पर विश्वास होने लगता है। प्राक्टर प्रो. अनिल गुप्ता ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में एकल परिवारों और मोबाइल के बढ़ते उपयोग के कारण भावनात्मक दूरी बढ़ रही है।

# गर्मी ने दिखाए तेवर, लोग नहरों और तालाबों में डुबकी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। मौसम में बढ़ी तपिश से राहत पाने के लिए नहर में नहाते युवक।

जिले में पिछले दो दिन से मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने से लोग हलकान हो गए हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खासकर युवा वर्ग दोपहर के समय नहाने के लिए नहरों व नदियों का रुख करने लगे हैं। वहीं, किसान व मजदूर पेड़ों की छांव का सहारा लेकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि दुकानों व प्रतिष्ठानों में एसी और कूलर चलने से बिजली की खपत बढ़ने लगी है। वहीं, मंगलवार को गर्मी की तपिश बढ़ने से जिले का अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री पहुंच गया। मंगलवार को सुबह नौ बजे के बाद ही गर्मी की तपिश बढ़ने लगी थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मौसम में गर्मी की तपिश और ज्यादा बढ़ गई। जिससे लोग गर्मी की तपिश से बचने के लिए पेड़ों की छांव या फिर घरों में रहने को मजबूर हो गए। दोपहर के वक्त कुछ युवाओं ने अपने नजदीक नहर व तालाबों का रूख किया और घंटो स्नान करके गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया।

**ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी:** गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थ बेचने वालों की बल्ले बल्ले हो गई है। मिल्क बादाम बेचने वाले राम कुमार ने बताया कि पिछले दो दिन से सेल में एकदम बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं, आईसक्रीम और गन्ने का रस व बेल का रस की रेहड़ियों पर भीड़ बढ़ गई।

**और बढ़ेगा तापमान:** जिले का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### जलघरों को ग्राम पंचायत के अधीन करने का विरोध

**रादौर।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ द्वारा आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर. 681 शाखा रादौर के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता शाखा प्रधान सुरजीत सिंह ने की। संचालन शाखा सचिव अश्विनी कुमार ने किया। बैठक में कर्मचारियों की स्थानीय व शासनिक स्तर की मांगों व समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। अनिल मुंजाल ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाए सरकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायत के अधीन करने जा रहा है। संगठन हरियाणा सरकार को आग्रह करता है कि ग्रामीण जलघर को ग्राम पंचायत के अधीन न किया जाए। संगठन द्वारा 7 मई को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सर्किल अंबाला पर कर्मचारी एकत्रित होकर रोष प्रकट कर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार, जगदीश मंसूरपुर, बलदेव सिंह, वीरेंद्र कंबोज, जसवीर सिंह, मिंटू, विपिन आदि उपस्थित रहे।

### पीएनबी कर्मियों के रवैये से उपभोक्ता परेशान

**रादौर।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा मेन बाजार रादौर के कर्मचारियों के रवैया के चलते आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे बैंक के कर्मचारियों के विरूद्ध उपभोक्ताओं में भारी रोष है। समाजसेवी लाभ सिंह नाचरौन ने मामले को लेकर बैंक के नोडल अधिकारी व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर ऐसे कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। डॉ. लाभ सिंह नाचरौन ने बताया कि वह मेन बाजार रादौर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा का उपभोक्ता हैं। वह करीब एक महीने से गंभीर बीमारी से पीड़ित चल रहे हैं। बीमारी के चलते 21 अप्रैल को वह अपनी लिमिट से पैसे निकालने के लिए शाखा में गए थे। वह बीमारी के चलते अधिक देर तक बैंक में खड़ा नहीं रह सकते। उन्होंने बैंक के कर्मचारियों को अपनी बीमारी के बारे में बताते हुए औपचारिकताएं जल्दी पूरी करने की गुहार लगाई। परंतु बैंक कर्मचारियों उसकी एक नहीं सुनी और उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगे।

## गांव हिरणछप्पर व हड़तान माजरी पहुंची फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट, जांची ग्रामीणों की सेहत

# नवीन जिंदल फाउंडेशन के स्वास्थ्य जांच शिविर में उमड़ी भीड़



**यमुनानगर।** गांव हडतान माजरी में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नवीन जिन्दल फाउंडेशन के तत्वावधान में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव हडतान माजरी व हिरण छप्पर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों के स्वास्थ्य की मुफ्त में जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने की।

शिविर मेडिकल यूनिट में तैनात चिकित्सकों की टीम ने डॉ. प्रमोद के नेतृत्व में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। सामान्य बीमारियों के अलावा रक्तचाप व शुगर समेत अन्य जांच की गई। डॉ. प्रमोद ने बताया कि मौके पर 13 लोगों का रक्त परीक्षण भी किया गया। सभी मरीजों को जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का संकल्प है कि किसी भी ग्रामीण या आम नागरिक को इलाज के अभाव में परेशानियां न उठानी पड़े और आर्थिक कारणों से किसी को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। मोबाइल मेडिकल यूनिट इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। जो स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे लोगों के घरद्वार तक पहुंचा रही है।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित शिविर में छात्रों के दांतों की जांच करतीं डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में दंत जांच शिविर

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में मंगलवार को रेड रिबन एवं रेड क्रॉस क्लब की ओर से निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में दंत स्वास्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाना व समय रहते समस्याओं की पहचान करना था। इस शिविर में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, रादौर की डॉ पल्लवी मौर्य एवं उनके साथ काउंसलर अंकित कुमार ने अपनी सेवाएं प्रदान की। मौके पर 80 से अधिक विद्यार्थियों के दांतों की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान लगभग 10 विद्यार्थियों के दांतों में कीड़े की समस्या पाई गई, जिनको उपचार हेतु कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, रादौर आने की सलाह दी गई। कॉलेज के रेड रिबन क्लब के इंचार्ज प्रो. आशीष भल्ला की देखरेख में इस शिविर का संचालन किया गया और विद्यार्थियों ने भी इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा ने इस शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विद्यार्थी ही उज्जवल भविष्य की नींव होते हैं। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. महेंद्र सिंह ने अंत में विद्यार्थियों को नियमित ब्रशिंग, संतुलित आहार तथा समय-समय पर दंत जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के एनएसएसए कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नवीन भारद्वाज ने शिविर को बच्चों के लिए बड़ा उपयोगी बताया। इस अवसर पर डॉ. रिचा सीकरी, प्रो. बंटी, प्रो. सिमरन, प्रो. जयचंद, प्रो. पिंकी, प्रो. पूजा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 125 विद्यार्थियों के दांतों की जांच

■ गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कालेज में दंत चिकित्सकों की टीम व उनका नेतृत्व कर रहे डॉ. सुमित भाटिया को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान करते कालेज के प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर भल्ला। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर की एनएसएस यूनिट द्वारा कालेज में निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीएवी डेंटल कालेज के दंत चिक्तिसकों की टीम ने विद्यार्थियों के दांतो की जांच कर उन्हें स्वस्थ रखने के उपाय बताए। शिविर का शुभारंभ कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने किया।

कालेज के प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि निःशुल्क दंत जांच शिविर में डीएवी डेंटल कालेज की टीम में डॉ. सुमित भाटिया के नेतृत्व में डॉ. साहिल, हिमांशी, हबीबा, सीरत, अंशिका, ईशु, अद्वैत, अदिति व अहाना आदि ने 125 विद्यार्थियों के दांतो की जांच की। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को दांतो को स्वस्थ रखने के लिए उपाए बताए। डॉ. भाटिया ने कहा कि दांतो को स्वस्थ रखने के लिए नियमित ब्रश करना चाहिए। दांतो में किसी भी बीमारी का यदि कोई लक्षण दिखाई दे तो तुरंत दंत चिकित्सक के पास जाकर जांच करवाएं। इस अवसर पर डॉ. हेमंत मिश्रा, डॉ. ज्ञान भूषण, डॉ. पायल लांबा व डॉ. साहिब सिंह आदि ने भी विद्यार्थियों को दांतो की देखभाल के लिए विभिन्न उपाय बताए। कालेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने डीएवी डेंटल कालेज की चिकित्सकों की टीम का धन्यावाद किया। उन्होंने कालेज की एनएसएस यूनिट् का भी शिविर आयोजन करने के लिए धन्यवाद किया। मौके पर कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने भी शिविर आयोजित करने के लिए एनएसएस यूनिट व स्टाफ सदस्यों की सराहना की। उन्होंने का कि इस तरह के कैंप आयोजित करना कॉलेज के पूरे विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पण को दिखाता है।

## जोश टेक्नोलॉजी ग्रुप ने सर्वाधिक 12.35 लाख रुपये प्रति वर्ष का दिया पैकेज

# जेएमआईटी के 320 विद्यार्थियों का देश-विदेश की कंपनियों में चयन

■ सत्र 2025-26 में संस्थान ने उत्कृष्ट प्लेसमेंट परिणाम किए हैं हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर स्थित जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर ने सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्लेसमेंट परिणाम हासिल किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने बताया कि संस्थान ने अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता व उद्योग उन्मुख दृष्टिकोण को सिद्ध किया है। संस्थान को अब तक कुल 382 प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 320 विद्यार्थियों का चयन देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। यह उपलब्धि संस्थान के सुदृढ़ शिक्षण तंत्र, प्रभावी कौशल विकास कार्यक्रमों और उद्योग के साथ मजबूत समन्वय का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस वर्ष का सर्वाधिक ऑन-कैंपस पैकेज 12.35 लाख प्रति वर्ष रहा। जो जोश टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा प्रदान किया गया। यह संस्थान के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। जेएमआईटी के विद्यार्थियों ने कई अग्रणी की कंपनियों में स्थान प्राप्त किया है। इनमें इन्फोसिस लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, डैफोडिल सॉफ्टवेयर, जोश टेक्नोलॉजी ग्रुप विप्रो लिमिटेडए कोडकोटिएंट व सागर डिफेंस इंजीनियरिंग जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां प्रमुख हैं। संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठोर परिश्रम, संकाय के मार्गदर्शन और संस्थान के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। जेएमआईटी विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। वहीं ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी दित्या मोंगा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा और निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। हमारा उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुरूप बेहतर करियर अवसर प्रदान करना है, और हम भविष्य में भी इसी दिशा में कार्यरत रहेंगे।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में आयोजित कर्मचारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

### संपत्ति सत्यापन कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त
### बेहतर कार्य करने वाला होगा सम्मानित : प्रसाद

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में संपत्तियां सत्यापित करने में लगे कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उ्होंने कर्मचारियों को रोजाना अधिक से अधिक संपत्तियां सत्यापित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि एक कर्मचारी कम से कम 15 संपत्तियां रोजाना स्वयं सत्यापित करें। इस कार्य में ढील व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपत्ति सत्यापन कार्य को गंभीरता से न लेने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बेहतर कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की संपत्तियां सत्यापित करने के लिए वार्ड वाइज नगर निगम की टीमें बनी हैं। प्रत्येक वार्ड में निगम कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए हैं। जो घर घर जाकर शहरवासियों से संपत्तियां सत्यापित करवा रहे हैं। इनके अलावा तीनों निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में भी संपत्ति सत्यापित की जा रही हैं। यहां संपत्तियां सत्यापित करने के लिए लोगों की आपत्तियां दर्ज कर उनका समाधान भी किया जा रहा है। बैठक के दौरान संपत्तियां सत्यापन में लगे कर्मचारियों ने बताया कि कुछ संपत्ति मालिकों की प्रॉपर्टी आईडी में उनका मोबाइल नंबर गलत है। जिससे सत्यापन कार्य में परेशानी आ रही है। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ऐसे प्रॉपर्टी मालिकों को मोबाइल नंबर दुरुस्त कराने का ऑब्जेक्शन दर्ज कराने के लिए कहें। लोगों को इसका लाभ बताते हुए उनकी प्रॉपर्टी आईडी स्वयं सत्यापित कराएं। मौके पर क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, जितेंद्र मल्होत्रा व सोनिया आदि मौजूद थे।

## किसान हित में सरकार ने उठाए कदम, मानकों में दी राहत

■ किसानों को राहत देने के लिए पीएम और सीएम का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** सरकार की योजनाओं की जानकारी देते पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर।

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों के व्यापक आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए चालू रबी विपणन सीजन के लिए गेहूं खरीद के नियमों में महत्वपूर्ण राहत देने का निर्णय लिया है। इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हैं।

पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जगाधरी में बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण प्रभावित हुई गेहूं की फसल को देखते हुए सीएम नायब सिंह सैनी के प्रयासों से कदम उठाया गया है। सरकार ने बिना मूल्य कटौती के चमक विहीन गेहूं की खरीद की अनुमति दी है। इसका अर्थ है कि यदि गेहूं की चमक बारिश के कारण कम हुई है तो भी किसानों को पूरा न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा। फसल में सिकुड़े और टूटे हुए दानों की निर्धारित सीमा में छूट दी गई है। अब 18 प्रतिशत सिकुड़े और टूटे दानों वाले गेहूं को बिना बड़ी कटौती के खरीदा जा सकेगा। इस अवसर पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष निशचल चौधरी, चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, मंडल महामंत्री जगदीश धीमान व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** अनाज मंडी में बिकने को पहुंची गेहूं को सुखाते हुए मजदूर।

### अनाज मंडियों में बढ़ रही गेहूं की आवक : प्रीति

**यमुनानगर।** जिले की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक बढ़ रही है। चालू सीजन के दौरान जिले में अब तक कुल 208320 मीट्रिक टन क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला की तेरह अनाज मंडियों में अब तक खरीदी गई कुल 20 लाख 8 हजार 320 मीट्रिक टन क्विंटल गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 61526 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 108285 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा 38509 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि मंडियों में गेहूं को सुचारू रुप से खरीदा जा रहा है। उपायुक्त प्रीति ने गेहूं की खरीद संबंधी कार्यो में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे अपनी गेहूं की उपज को अच्छी प्रकार से सुखाकर एवं साफ करके ही मंडियों में लाएं। ताकि उपज का उचित मूल्य मिल सके।

न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने बनाए मॉडल

## विश्व धरा दिवस पर बच्चों ने पर्यावरण बचाने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर बनाकर धरा बचाने का संदेश देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को विश्व धरा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली तथा मॉडल प्रस्तुत कर अपनी भावनाएं व्यक्त की। इसके अलावा बच्चों ने चार्ट बनाकर पेड़ बचाने, पानी बचाने के प्रति जागरूक किया।

कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों ने अपने अपने मॉडल्स में पेड़ लगाओ, पानी बचाओ, बिजली बचाओ, पर्यावरण सुरक्षा, ग्लोबल वार्मिंग, स्वच्छता तथा जानवर बचाने को लेकर जागरूकता फैलाई। बच्चों के सजीव मॉडल इतने सुंदर थे कि सभी के मन को झकझोर कर रख दिया। इसी तरह बच्चों ने रंग.बिरंगे चार्ट पर अपनी कलाकृतियों के माध्यम से धरती बचाने व पर्यावरण प्रदूषण रोकने की अपील की। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स का अवलोकन करते हुए बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। यदि इन्हें समय से अपनी धरा व पर्यावरण की सही जानकारी मिलती रहे तो आने वाले कल में ये हरी भरी धरा का निर्माण करने में सहायक हो सकते हैं। मौके पर ममता शर्मा, अल्का साहनी, प्रियंका वर्मा, इंद्रप्रीत कौर व योगेश कुमार मौजूद रहे।

## बड़े बदलावों में अहम रही महिलाओं की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** बातचीत करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा। फोटो : हरिभूमि

भारत की नारी ने कभी भी चुनौतियों से पीछे हटना नहीं सीखा है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक हर महत्वपूर्ण परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका निर्णायक रही है। उक्त बात यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शहर के माडल टाउन में बातचीत करते हुए कही। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि लोकसभा सत्र के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सरकार ने विपक्ष की अनेक मांगों और सुझावों को स्वीकार करते हुए सहमति बनाने का वातावरण तैयार करने की पूरी कोशिश की। लोकतंत्र संवाद से चलता है और संवाद के लिए सरकार की ओर से निरंतर प्रयास भी हुए हैं। लेकिन इसके बावजूद जिस प्रकार से महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने का यह ऐतिहासिक अवसर आगे नहीं बढ़ सका है। उसने देश की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों को प्रतीक्षा में छोड़ दिया है। यह केवल एक प्रक्रिया का रुकना नहीं है। यह एक भावनात्मक अपेक्षा का ठहर जाना है। विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने बताया कि सोचिए यदि यह व्यवस्था लागू हो जाती तो 2029 का भारत कैसा होता। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी दिखाई देती। नीति निर्माण की प्रक्रिया में संवेदनशीलता, संतुलन और सामाजिक समावेशन की नई दिशा मिलती। इससे भी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश की बेटियों को यह संदेश मिलता कि उनका लोकतंत्र उन्हें केवल मतदाता ही नहीं मानता है। बल्कि नीति निर्माता के रूप में भी स्वीकार करता है।

## माइनिंग लीज होल्डर्स से अंशदान की वसूली के दिए दिशा निर्देश

# खनन करने से पर्यावरण होता है प्रभावित : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिला उपायुक्त।

जिला उपायुक्त प्रीति ने जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में उपायुक्त ने जिला मिनरल फाउंडेशन में माइनिंग लीज होल्डर्स से निर्धारित अंशदान की समयबद्ध व पूर्ण वसूली सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि खनन करने से हमारा पर्यावरण एवं आसपास का क्षेत्र प्रभावित होता है। इसलिए खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए जिला मिनरल फाउंडेशन एक महत्वपूर्ण माध्यम है और फाउंडेशन का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि माइनिंग क्षेत्र में विकास कार्यों को करवाने के लिए संबंधित विभागों को जिला मिनरल फांउडेशन द्वारा फंड आवंटित किया जाता है ताकि खनन के आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्य पूर्ण करवाए जा सकें और सभी लीज धारकों द्वारा नियमानुसार योगदान जमा करवाना अनिवार्य है। उपायुक्त प्रीति ने माइनिंग विभाग द्वारा जारी किए गए फंड की बारीकी से समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों के अधिकारी माइनिंग क्षेत्रों में 5 किलोमीटर के दायरे में पड़ते गांवों में कल्याण की गतिविधियों को कार्यान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। यह राशि शिक्षाए स्वास्थ्यए पेयजलए सडकÞए स्वच्छता व अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों पर खर्च की जाती हैए ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सीधे लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन माइनिंग लीज होल्डर्स द्वारा अब तक योगदान जमा नहीं करवाया गया हैए उन्हें नोटिस जारी कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित समय सीमा के बाद भी भुगतान न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि यदि संबंधित विभाग इस फंड का प्रयोग समय पर नहीं करता तो ब्याज सहित फंड की राशि संबंधित विभाग को वापिस करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस राशि का सही विकास कार्यों में ही प्रयोग होना चाहिए और यदि किसी अधिकारी ने इस फंड के पैसे का दुरुपयोग किया तो उसके खिलाफ उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, डिप्टी सीईओ जिला परिषद जसविन्द्र सिंह, सहायक खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग पुनित मित्तलएबीडीपीओ दीपांशु जिंदल, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता, स्टोन क्रेशर और माइनिंग एसोसिएशन माइनिंग वर्कर्स संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### समाधान शिविरों में सुनीं जा रही समस्याएं : दून

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि समाधान शिविरों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए, जिसमें लोगों को शिविरों के आयोजन का दिन और समय की पूरी जानकारी मिल सके, ताकि वे अपनी समस्या दर्ज करवा सकें और उनका समाधान करवा सकें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

### उत्तराखंड यात्रा के भंडारे के लिए सामग्री भेजी

**पिहोवा।** अखिल भारतीय श्री संगमेश्वर सेवा दल की ओर से उत्तराखंड यात्रा के लिए हर साल लगाए जाने वाले भंडारे के लिए सामग्री की खेप को रवाना किया गया। जानकारी देते हुए माता छिन्नमस्तिका चिंतपूर्णी धाम अरुणाय के महंत लक्ष्मी नारायण पुरी व शाखा के सचिव शिवम सैनी ने बताया कि श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा के दौरान मां धारी देवी ढामक श्रीनगर के समीप लगने 23वां लंगर जल्द शुरू होगा। शिवम सैनी ने बताया ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी के आशीर्वाद से श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य में से पिछले 23 वर्ष से लगातार भंडारा जारी है।

### डॉ. विनीता को चेयरपर्सन बनने पर दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (असवा) ने डॉ. विनीता ढींगरा को सामाजिक कार्य विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन एवं महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र की निदेशक नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ अंबेडकर छात्र कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी रामलाल सिरसल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. विनीता ढींगरा को माता सावित्री बाई फुले एवं ज्योतिबा फूले का चित्र भेंट कर सम्मानित किया तथा इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त किया।

### पांचाल धर्मशाला में आम सभा की बैठक 26 को

**कुरुक्षेत्र।** पांचाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में एडहॉक कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद श्रीविश्वकर्मा पांचाल समाज सुधार सभा कुरुक्षेत्र हरियाणा के निवर्तमान प्रधान साहब सिंह ने बताया कि मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है और इस समय 5 सदस्यीय एडहॉक कमेटी कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी के चुनाव बारे चर्चा करने के रविवार 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे पांचाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आम सभा की बैठक होगी।

---

### राजकीय उच्च विद्यालय भौर सैयदा में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार

# स्वस्थ तन और सशक्त मन के बिना सफलता की कल्पना अधूरी : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

राजकीय उच्च विद्यालय भौर सैयदा में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सर्वांगीण स्वास्थ्य, सकारात्मक जीवनशैली तथा उज्ज्वल भविष्य को समर्पित स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का गरिमामय आयोजन किया गया। यह प्रेरणादायक कार्यक्रम राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य अकादमी हरियाणा, डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2091वाँ निःशुल्क हेल्थ अवेयरनेस कैंप भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश भारद्वाज तथा वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा एक्सपर्टाइज मेडिकल कैंपस आर्गेनाइजर उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने के प्रेरक सूत्र प्रदान किए। मुख्य वक्ता डॉ. राकेश भारद्वाज ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे अमूल्य पूंजी है। स्वस्थ तन और सशक्त मन के बिना सफलता की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी डिजिटल दुनिया की चमक में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होती जा रही है। देर रात तक मोबाइल का उपयोग, असंतुलित दिनचर्या तथा जंक फूड शरीर और मन दोनों को कमजोर बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समय पर सोने-जागने, संतुलित आहार लेने, ताजे फल, हरी सब्जियों एवं घरेलू भोजन को अपनाने, नियमित व्यायाम, योग तथा समय-समय पर वैक्सीनेशन करवाने की प्रेरणा दी।



**कुरुक्षेत्र।** सेमिनार में मंचासीन चिकित्सक।

#### शरीर और आत्मा का संतुलन ही संपूर्ण स्वास्थ्य

वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए अवचेतन मन की शक्ति, सकारात्मक चिंतन एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली के अमूल्य सूत्र साझा किए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की मजबूत नींव है। आयुर्वेद के अनुसार शरीर, मन और आत्मा का संतुलन ही संपूर्ण स्वास्थ्य है, और यह संतुलन सही दिनचर्या, उचित आहार, पर्याप्त नींद तथा श्रेष्ठ विचारों से निर्मित होता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वस्थ शिक्षक ही संस्कारित, जागरूक और समर्थ समाज की नींव रखते हैं। जब शिक्षक ऊर्जावान, प्रसन्न और प्रेरित होंगे, तभी उनकी सकारात्मक ऊर्जा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक बनेगी। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रवीण शर्मा ने दोनों विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता शिविर केवल स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में नई चेतना जगाने वाले प्रेरक अभियान हैं। निःशुल्क चिकित्सा सेवा, उचित मार्गदर्शन और समय पर जागरूकता से ही हर घर में खुशहाली, हर मन में विश्वास और हर जीवन में नई ऊर्जा लाई जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, अनुशासित दिनचर्या अपनाने, नशामुक्त जीवन जीने तथा निरोग समाज निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। यह आयोजन विद्यालय परिसर में प्रेरणा, ऊर्जा, उत्साह और स्वास्थ्य चेतना की अमिट छाप छोड़ गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं एवं अन्य सहयोगी कर्मचारीगण ससम्मान उपस्थित रहे।

---



**कुरुक्षेत्र।** विजेता टीम के खिलाड़ी।

### शिव योद्धा ने केयूके वॉरियर्स को हराया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के प्रांगण में रविवार को दोपहर बाद खेले गए केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक लीग मैच में शिव योद्धा ने केयूके वॉरियर्स को 30 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिव योद्धा की टीम ने 20 ओवर में 173 रन बनाए। ओपनर बल्लेबाज पवन शर्मा ने धुआंधार बैटिंग करते हुए 59 गेंदों में 73 रन बनाए जिसमें उन्होंने 11 चौके व 1 छक्का लगाया। वहीं आदित्य स्वामी ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 9 चौके लगाकर 40 रन बनाए। रवि चौहान ने 3 चौके व 1 छक्के के साथ 30 रन की अहम पारी खेली। केयू वॉरियर्स की ओर से कप्तान दीपक कुमार ने 3 विकेट झटके। विपक्षी टीम केयूके वॉरियर्स निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। मैच में अनिल ग्योंग ने 31 रन बनाए जिसमें 4 चौके व 1 छक्का शामिल रहा। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी की बदौलत पवन शर्मा को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका सागर एवं शिव कुमार ने निभाई।

### 228 लोगों को पहुंचाई निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**थानेसर।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार जनसेवा का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में फाउंडेशन की दो मोबाइल मेडिकल युनिट कुरुक्षेत्र शहर के वार्ड नंबर 3, कैलाश नगर और पास लगते गांव डेरा पुरबिया व सिरसमा में पहुंची, जहां लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ उठाया। दोनों मोबाइल मेडिकल यूनिट की चिकित्सक टीम ने सभी निर्धारित स्थानों पर मरीजों की जांच कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार परामर्श दिया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं तथा मौके पर ही रक्त जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. प्रमोद ने बताया कि आज सभी चारों शिविरों में 187 लोगों को निःशुल्क परामर्श और दवाईयां दी गई। इन शिविरों में 41 लोगों के ब्लड टेस्ट कर, उनकी रिपोर्ट के अनुसार परामर्श और मार्गदर्शन किया गया।



---

## विज्ञान-तकनीक में छात्रों ने दिखाया उत्साह

### गीता कन्या विद्यालय में मनाया कम्युनिटी डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 15 अप्रैल 2026 से 21 अप्रैल तक कम्युनिटी सप्ताह बड़े उत्साह और सफलता के साथ आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत मंगलवार को कम्युनिटी डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना द्वारा की गई। तत्पश्चात मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर, गीता निकेतन विद्या मंदिर मोहन नगर, गीता सह शिक्षा, गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 एवं गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सप्ताह भर चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने तकनीक, नवाचार और रचनात्मकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। पहले दिन छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिक्स की मूलभूत जानकारी से अवगत करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से सीखने का अवसर मिला।



दूसरे दिन डिजाइन थिंकिंग पर आधारित गतिविधियाँ करवाई गईं, जिससे छात्रों ने समस्याओं को रचनात्मक तरीके से हल करना सीखा। तीसरे दिन विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीकों जैसे एआर और वीआर के बारे में जाना, जिससे उनमें नई तकनीकों के प्रति रुचि बढ़ी। चौथे दिन छात्रों ने विभिन्न मॉडल तैयार किए, जिससे उनकी प्रायोगिक क्षमता और टीमवर्क में सुधार हुआ। पाँचवे दिन रास्पबेरी पाई और एटीएल उपकरणों का उपयोग करते हुए छात्रों ने प्रोजेक्ट बनाए और कोडिंग व हार्डवेयर का अनुभव प्राप्त किया।

---


### एनडीए/सीडीएस की फाइनल मेरिट लिस्ट में छाए गुरुकुल के होनहार

## जितेन्द्र कुमार ने हासिल की आल इंडिया 21 रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

- छात्रों की उपलब्धि पर गुरुकुल में जश्न का माहौल

गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देव्रवत के ओजस्वी मार्गदर्शन और ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार के कुशल दिशा-निर्देशन में संचालित गुरुकुल कुरुक्षेत्र के होनहार छात्रों ने एक बार फिर अपनी विलक्षण प्रतिभा से गुरुकुल परिवार को गौरवान्वित किया है। हाल ही में यूपीएससी द्वारा एनडीए 156 व सीडीएस की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की गई जिसमें गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र जितेन्द्र कुमार ने आल इंडिया में 21वीं रैंक हासिल कर राष्ट्रीय पटल पर गुरुकुल के नाम चमकाया है। गुरुकुल के ही छात्र रहे निशान्त ने सीडीएस-2 में 77वीं तथा सूर्यवंश प्रताप सिंह ने 90वीं रैंक हासिल की है। छात्रों की इस बड़ी उपलब्धि पर गुरुकुल परिसर में जश्न का माहौल है, वहीं राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत ने भी सभी छात्रों व गुरुकुल परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की है। विस्तृत जानकारी देते हुए ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि सत्र 2026-26 में गुरुकुल के 10 छात्र एसएसबी इन्टरव्यू में सफल होकर एनडीए हेतु रिकमेंड हुए जिन्होंने फाइनल लिस्ट में अच्छी रेंक हासिल की। इनमें जितेन्द्र कुमार, निशान्त और सूर्यवंश प्रताप सिंह की आल इंडिया रैंक क्रमशः 21, 77 और 90 है।



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल के होनहार विद्यार्थी।

#### छात्रों को दी बधाई

इसके अलावा भव्य स्वामी ने 204, कार्तिक ने 288, प्रद्युमन ठाकुर ने 319, आदित्य सुंदरियाल ने 415, अर्पित कुमार ने 577, नवदीप कुण्डू ने 599 तथा शुभम सिंह ने 608वीं रैंक हासिल कर गुरुकुल व अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ाया है। ब्रिगेडियर कुमार ने कहा कि देश की सेवा में समर्पित गुरुकुल के कर्त्तव्यपरायण स्टाफ और होनहार छात्रों की मेहनत से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में गुरुकुल के छात्रों का चयन एनडीए में हो रहा है, जिससे गुरुकुल कैम्पस की एनडीए में भी अलग पहचान बन रही है, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार सहित गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, प्राचार्य सूबेप्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, एनडीए के फिजिकल इंस्ट्रक्टर सूबेदार बलवान सिंह, अशोक चौहान ने भी फाइनल लिस्ट में अच्छी रैंक प्राप्त करने वाले एनडीए के सभी छात्रों को बधाई दी है।

---

### श्रीकांत बंसल बने अग्रवाल वैश्य समाज युवा प्रदेश इकाई के सचिव

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा युवा विंग को सशक्त और संगठित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश स्तर पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। यह नियुक्तियां समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा पर की गई हैं, जिनका उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ संगठन के राजनीतिक और सामाजिक कार्यों को गति प्रदान करना है। जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि हिमांशु गोयल पंचकूला को अध्यक्ष नियुक्त करते हुए युवा टीम की कमान सौंपी गई है। उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मयंक गर्ग जींद को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मुकेश सिंगला कैथल और रवि गर्ग (मोनू) को नियुक्त किया गया है, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में युगल गुप्ता सफीदों और निखिल बंसल टोहाना को दायित्व दिया गया है। महासचिव पद की जिम्मेदारी विकास बंसल करनाल को सौंपी गई है। वहीं सचिव पद पर आकाश चाचान सिरसा, उमेश अग्रवाल पुन्हाना, रोहित सिंगला लाडवा, राज अग्रवाल पंचकूला और श्रीकांत बंसल कुरुक्षेत्र को नियुक्त किया गया है। संगठन सचिव के रूप में उत्कर्ष गर्ग फरीदाबाद, अंशुल अग्रवाल पंचकूला, आकाश गर्ग और हर्ष मित्तल सिरसा को जिम्मेदारी दी गई है।



---

## विद्यार्थियों ने दिखाई नवाचार की प्रतिभा

- गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में मनाया अटल टिंकरिंग लैब समुदाय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में अटल टिंकरिंग लैब समुदाय दिवस बड़े ही उत्साह, नवाचार और सृजनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र एवं आसपास के कुल 11 विद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता तथा सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल टिंकरिंग लैब के परिचय से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को लैब के उद्देश्यों, उपयोगिता एवं प्रायोगिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर गीता अरोड़ा एवं रवि कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को 3डी डिजाइनिंग, गेम डेवलपमेंट, सर्किट डिजाइनिंग एवं मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक तकनीकी विषयों की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रभावशाली प्रतिभागिता की , जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अळछ विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स का सजीव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया, जिसमें रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग एवं अन्य तकनीकी मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।



**कुरुक्षेत्र।** मॉडल्स को देखते विद्यार्थी।

---



### बच्चों में कृमि संक्रमण के प्रभावों और रोकथाम पर प्रकाश डाला

**लाडवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्ण कांत अध्यक्षता में बढ़े उत्साह एवं व्यवस्थित ढंग से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कृमि संक्रमण से होने वाली समस्याओं और उसके प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनके शारीरिक और मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्ण कांत ने अपने संबोधन में बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जिससे कुपोषण, एनीमिया, कमजोरी और पढ़ाई में एकाग्रता की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से न केवल बच्चों को दवा दी जा रही है, बल्कि अभिभावकों को भी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा के अंतर्गत लगभग 30,000 लाभार्थियों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

---

### गीता कन्या विद्यालय को ग्रीन एंड सस्टेनेबल कैंपस अवॉर्ड से नवाजा

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिन्दू शिक्षा समिति के तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रयासों के लिए ग्रीन एंड सस्टेनेबल कैंपस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने गर्वपूर्वक प्राप्त किया। उनके नेतृत्व में विद्यालय में वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण तथा विद्यार्थियों में सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने जैसे अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ. हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ. सौरभ त्रिखा एवं डॉ. राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा तथा प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी ने समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ एवं जिम्मेदार शिक्षण वातावरण के निर्माण के प्रति विद्यालय के समर्पण को दर्शाती है।



### महिलाओं को उनका अधिकार देने में देरी न की जाए : संतोष दहिया

**कुरुक्षेत्र।** सर्वजातीय सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया ने कहा कि महिलाएं नासमझ नहीं हैं और उन्हें अनाड़ी समझने की भूल किसी को नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संविधान संशोधन) को 19 सितंबर 2023 को संसद के दोनों सदनों—लोकसभा और राज्यसभा—में पूर्ण बहुमत से पारित किया गया था तथा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन चुका है और इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो चुका है। डॉ. दहिया ने कहा कि वर्तमान में जिस विषय को महिला आरक्षण बिल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, वह वास्तव में परिसीमन से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि महिलाओं को उनका अधिकार देने में देरी न की जाए और जल्द से जल्द इस कानून को लागू किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि मौजूदा सीटों में ही महिलाओं को उनका हिस्सा दिया जाए, ताकि जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

---

### टमाटर, मिर्च, और बैंगन जैसी फसलों में 35 डिग्री से ऊपर तापमान के कारण फूल हो जाते है खराब

# बढ़ता तापमान बेल वाली सब्जियों को दे सकता है अधिक नुकसान : डा. सीबी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

गर्मी का अधिक बढ़ता तापमान जहां आम आदमी एवं पशुओं के लिए नुकसान दायक है वहीं खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचाता है। कृषि वैज्ञानिक डा. सीबी सिंह के अनुसार अप्रैल के महीने में बढ़ता तापमान व लू सब्जियों की फसलों के लिए अधिक खतरा बनते हैं। अप्रैल में तेजी से बढ़ता तापमान और 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक पारा सब्जियों की फसलों के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। गर्मी के कारण मिट्टी की नमी कम हो जाती है, रस चूसक कीटों का प्रकोप बढ़ता है और पौधों में फूल व फल कम लगते हैं, जिससे पैदावार में 10-30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। डा. सिंह ने सब्जियों पर बढ़ते तापमान के प्रमुख प्रभाव के बारे में बताया कि अप्रैल से जून महीने के बीच अधिक तापमान रहता है। टमाटर, मिर्च, और बैंगन जैसी फसलों में अत्यधिक गर्मी 35 डिग्री से ऊपर तापमान के कारण फूल और पराग खराब हो जाते हैं, जिससे फल कम लगते हैं। लू, तेज गर्म हवाएं और मिट्टी का बढ़ता तापमान पौधों की सामान्य वृद्धि को रोक देता है।



#### गर्मी से मिट्टी में नमी बहुत तेजी से उड़ती

उन्होंने कहा कि तेज धूप के कारण सब्जियों में सनबर्न या झुलसन की समस्या हो जाती है, जिससे फल खराब हो जाते हैं। गर्मी से मिट्टी में नमी बहुत तेजी से उड़ती है, जिससे पौधों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। डा. सिंह ने बताया कि गर्मी के कारण रस चूसक कीटों (जैसे सफेद मक्खी) का हमला बढ़ जाता है, जिससे मिर्च और बेल वाली फसलों जैसे ककड़ी, लौकी इत्यादि को काफी नुकसान होता है।

#### सिंचाई सुबह या शाम के समय करें

डा. सिंह ने बचाव के लिए उपाय बताते हुए कहा कि जमीन की नमी बनाए रखने और मिट्टी का तापमान कम करने के लिए पौधों की जड़ों के पास सूखी घास या प्लास्टिक मल्चिंग का उपयोग करें। खेत में हल्की और नियमित सिंचाई करें। सिंचाई हमेशा सुबह जल्दी या शाम के समय करें, दोपहर में सिंचाई से बचें। उन्होंने कहा कि ड्रिप सिंचाई (टपक सिंचाई) सबसे अच्छा विकल्प है, क्योंकि यह पानी की बचत के साथ सीधे जड़ों को नमी पहुंचाती है। फसलों को तेज धूप से बचाने के लिए शेड नेट या सूखी घास का उपयोग करें। रस चूसक कीटों के नियंत्रण के लिए कृषि विशेषज्ञों की सलाह पर कीटनाशकों का प्रयोग करें। किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जैसे कम अवधि की फसलों को उगाना। आज भी जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए अधिक शोध और विकास की आवश्यकता है जैसे कि ग्राफ्टिंग तकनीक और अन्य जलवायु परिवर्तन के अनुकूल तकनीकों का उपयोग शामिल है। डा. सिंह ने कहा कि आजकल बढ़ती गर्मी को देखते हुए किसानों को खेतों में सब्जियों की फसलों में शाम के समय कृषि अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के परामर्श से सिंचाई करनी चाहिए।

## नगर निगम चुनाव: कल कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी दाखिल करेंगी नामांकन

# कांग्रेस ने 20 वार्डों से प्रत्याशी उतारे तीन पूर्व सदस्यों की टिकट बरकरार

### विधायक के कट्टर समर्थक का टिकट कटा

### भाजपा ने अभी तक नहीं खोले पत्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। चुनाव की तैयारियों में जुटे मुख्य राजनैतिक दल कांग्रेस की ओर से निगम सदस्य पद के लिए सभी 20 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया गया है। कांग्रेस की ओर से मेयर पद के लिए पहले ही कुलविंद्र कौर सैनी को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस की ओर से मेयर पद की प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी 23 को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि



अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते रिटर्निंग अधिकारी विराट। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन मेयर व सदस्य पद के लिए के पदों के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत मेयर व सदस्य पद के लिए उम्मीदवार 25 अप्रैल 2026 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। वार्ड नंबर 1 से 10 तक के उम्मीदवार डीआरडीए अंबाला शहर में नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 से 20 के लिए उम्मीदवार न्यायालय कक्ष एसडीएम कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल 2026 को की जाएगी। 28 अप्रैल, 2026 को दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।

#### पूर्व सीएम करवाएंगे नामांकन

कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी 23 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इसके लिए सभी तैयारियां हो चुकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद वरूण चौधरी खुद मेयर प्रत्याशी का नामांकन पत्र दाखिल करवाएंगे। अंबाला शहर के मानव चौक से काफिले के रूप में सभी नेता एसडीएम ऑफिस पहुंचेंगे। यहां नामांकन पत्र दाखिल करने की औपचारिकता पूरी की जाएगी। लिस्ट जारी होने के बाद इसी दिन सदस्य पद के लिए भी कांग्रेस उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

#### भाजपा में तैयार हो रही है सूची

अभी तक भाजपा की ओर से मेयर व सदस्य पद के उम्मीदवारों की सूची फाइनल नहीं हो पा रही है। मेयर पद के लिए भी भाजपा के पास कई उम्मीदवार लाइन में है। ऐसे में पार्टी की ओर से अभी तक मेयर पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का नाम तय नहीं किया गया है। पार्टी हाईकमान की ओर से इस सिलसिले में ठोस निर्णय लेने की बात कही जा रही है। मेयर के साथ सदस्य पद के उम्मीदवारों का नाम तय करने में भी भाजपा के पसीने छूट रहे हैं। ज्यादातर वार्डों में भाजपा के पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की बड़ी फौज है। हालांकि इस मामले में कांग्रेस ने भाजपा को पछाड़ दिया।

#### कांग्रेस ने इनको बनाया उम्मीदवार

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की ओर से जारी सूची में सभी 20 वार्डों से उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया गया है। पार्टी की ओर से वार्ड नंबर 1 से सतविंद्र सिह (सामान्य) , 2 से राजविंद्र कौर (एससी), 3 से संजीव शर्मा(सामान्य), 4 अशोक सोनी (बीसीबी) 5 से अमनप्रीत सिंह उप्पल(सामान्य) 6 से दिशा सहगल(सामान्य महिला) 7 से विक्रमजीत तंवर (एससी) 8 गुनजीत कौर (सामान्य महिला) 9 से मेघा इशु गोयल (सामान्य महिला) 10 से राजविंद्र कौर (एससी ) 11 अनुराधा (बीसीबी महिला) 12 मिथुन वर्मा (सामान्य) 13 से प्रदीप चावला (सामान्य), 14 से पूनम देवी (सामान्य महिला) 15 से विक्की राणा उर्फ भूपेंद्र सिंह (सामान्य) 16 से रविंद्र कुमार (सामान्य) 17 से प्रवीण चावला (सामान्य) 18 से हरमिंद्र सिंह (सामान्य), 19 से सचिन पुनिया (सामान्य) 20 से मनजीत देवी (बीसीए) को उम्मीदवार बनाया गया है।



## दर्शकों से बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला

# 'जवाक' का ट्रेलर लॉन्च बना बच्चों की खुशी का जश्न

■ 'मैं जवाक हां' की खास थीम ने जीता दिल

**मोहाली।** पंजाबी फिल्म जवाक का ट्रेलर लॉन्च और प्रेस कॉन्फ्रेंस एक खास और यादगार अंदाज़ में आयोजित किया गया। फिल्म 8 मई को दुनिया भर में रिलीज होने जा रही है। नीरू बाजवा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में नीरू बाजवा, गुरि घुमन, प्रिशा शर्मा, कुलराज भंगरा और जैविक वाधवा जैसे कलाकार नजर आएंगे।

इस इवेंट की सबसे खास बात इसकी अनोखी थीम "मैं जवाक हां" रही। यह सिर्फ एक ट्रेलर लॉन्च नहीं था, बल्कि बचपन की मासूमियत और खुशी को सेलिब्रेट करने का एक खूबसूरत मौका बना। इवेंट में बच्चों की मौजूदगी ने माहौल को और भी खास बना दिया। फिल्म की टीम, जिसमें डिस्ट्रीब्यूटर मुनीश साहनी और प्रोड्यूसर संतोष थिटे शामिल थे, बच्चों के साथ घुल-मिलकर इस जश्न का हिस्सा बने। सभी कलाकारों ने बच्चों के साथ खेलकर और बातचीत करके इवेंट को और भी दिलचस्प बना दिया। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला। यह एक ऐसी कहानी की झलक देता है जो भावनाओं, रिश्तों और बचपन की यादों को खूबसूरती से दिखाती है। फिल्म का म्यूजिक स्पीड रिकॉर्ड्स ने दिया है और इसे ओमजी ग्रुप दुनियाभर में रिलीज करेगा।

# मंडी में 1.38 लाख 800 क्विंटल गेहूं की आवक 1.26 लाख क्विंटल की खरीद का कार्य भी पूरा

■ एफसीआई की कार्यकारी निदेशक ने कई अधिकारियों के साथ अनाजमंडी में गेहूं खरीद कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एफसीआई विभाग की कार्यकारी निदेशक जेसिंथा लाजारस , खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. जे. गणेशन तथा जीएम एफसीआई शरणदीप कौर बराड़ ने मंगलवार को उपायुक्त अजय सिंह तोमर के साथ अनाज मंडी अंबाला छावनी का दौरा करते हुए ई-खरीद पोर्टल के तहत किए जा रहे कार्यों गेहूं खरीद के लिए गेट पास, बॉयोमैट्रिक व अन्य कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने मंडी परिसर में पौधारोपण भी किया। यहां पहुंचने पर डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, डीएफएससी निशांत राठी व अन्य ने कार्यकारी निदेशक के साथ-साथ अन्य का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। कार्यकारी निदेशक ने इस दौरान मंडी में किसानों व आढ़तियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। इसके साथ-साथ उन्होंने गेहूं खरीद के लिए मंडी में जियो फैसिंग, ई-खरीद पोर्टल के तहत मंडी में गेहूं की आवक आने के साथ-साथ गेट पास व अन्य जो पोर्टल के तहत कार्य किए जा रहे हैं उसकी भी विस्तार से जानकारी ली। कार्यकारी निदेशक ने इस मौके पर मंडी में हुई आवक व लिफ्टिंग के बारे में भी अधिकारियों से बातचीत की। डीएफसी निशांत राठी ने बताया कि अंबाला छावनी अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। ई-पोर्टल के तहत तमाम कार्यों को किया जा रहा है।



अंबाला। अनाजमंडी में गेहूं खरीद कार्य का जायजा लेते आईएएस अधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

यह भी बताया कि अंबाला छावनी अनाज मंडी में 1 लाख 38 हजार 800 क्विंटल गेहूं की आवक आ चुकी है। इसमें 1 लाख 26 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद भी संबधित एजेसियों द्वारा की चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि 74 हजार गेहूं का उठान भी हो चुका है। किसानों को समयबद्ध तरीके से उनकी फसलों की अदायगी भी सीधे उनके खाते में की जा रही है। इसके साथ अन्य अधिकारियों ने गेहूं खरीद कार्य के तहत ई-खरीद पोर्टल में जो नए रिफोर्म किए गए है उसका भी जायजा लेते हुए इस कार्य पर संतोष व्यक्त किया।इस मौके पर एफसीआई से डीजीएम सुनील , डीएम एफसीआई विजय नेगी, डीएम हैफेड देवेंद्र सिहं, हरियाणा वेयर हाउसिंग से डीएम पीके.गुप्ता, नायब तहसीलदार आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## 8712 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, धारा 163 लागू

**अंबाला।** जिलाधीश एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला में हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से 26 अप्रैल दिन रविवार को दो चरणों में आयोजित होने वाली एचसीएस एवं एलाईड सर्विसिज की प्रारंभिक लिखित परीक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार गड़बड़ को रोकने तथा परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के नजदीक 500 मीटर क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लगाने के आदेश दिए हैं। इन आदेशों के तहत परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में ड्यूटी स्टाफ व पुलिस कर्मी ही रह सकता है। अन्य किसी व्यक्ति को अनुमति नहीं होगी। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के नजदीक कोचिंग सेंटर, मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाई-फाई, निजी हॉटस्पाट, इलेक्ट्रॉनिक व कम्यूनिकेशन डिवाइस बंद रहेंगे। परीक्षा के दौरान फोटोस्टेट की दुकानें व कोचिंग सेंटर भी प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक बंद रहेंगी। यह आदेश 26 अप्रैल को परीक्षा समाप्त होने तक लागू रहेंगे।

# वार्ड नंबर 6 में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ, लोगों में खुशी की लहर

■ प्रधान रजत का फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पालिका प्रधान रजत मलिक ने वार्ड नंबर 6 में नई गली के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। मास्टर सुभाष के घर से लेकर चंद्र मोहन के घर तक बनने वाली इस गली के निर्माण कार्य की शुरुआत नारियल फोड़कर की गई। इस मौके पर वार्ड नंबर 6 के पार्षद शमशेर सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान गली वासियों ने प्रधान रजत मलिक का फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गली की हालत लंबे समय से जर्जर बनी हुई थी, जिससे उन्हें रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि यह समस्या काफी समय से लंबित थी जिसे अब प्राथमिकता के आधार पर हल किया गया है। लोगों ने कहा, "हम रजत मलिक के आभारी हैं कि उन्होंने हमारी इस पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करवाया है। इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान रजत मलिक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।



## विशेष व्याख्यान का किया आयोजन

# शहजादपुर: आज तकनीकी क्रांति का युग: रोहित कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में एवं कमांडिंग ऑफिसर 2 हरियाणा बटालियन अंबाला कैंट के आदेशानुसार एनसीसी यूनिट के तत्वाधान में महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) की क्रांति और एनसीसी में इसका उपयोग विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि आज का युग तकनीकी क्रांति का युग है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एआई ने न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा और उद्योग जैसे क्षेत्रों में परिवर्तन लाया है, बल्कि यह युवाओं के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध हो रही है। प्राचार्य ने बताया कि उनका मानना है कि एआई की यह क्रांति हमारे एनसीसी कैडेट्स के लिए एक सुनहरा अवसर है। राष्ट्रीय कैडेट कोर का उद्देश्य अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना विकसित करना है।

#### फिटनेस की निगरानी में भी सहायक

एनसीसी अधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने अपने व्याख्यान में एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते कहा कि यह डिजिटल युग है, और इस युग की सबसे बड़ी शक्ति है कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जिसे हम एआई भी कहते हैं। एआई ऐसी तकनीक है, जो मशीनों को सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। यह तकनीक आज हमारे जीवन के हर क्षेत्र में तेजी से अपना स्थान बना रही है। चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, या फिर रक्षा क्षेत्र। उन्होंने अपने व्याख्यान में आगे बताया कि एआई एन सी सी कैडेट्स के प्रशिक्षण और विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एआई की मदद से कैडेट्स को स्मार्ट ट्रेनिंग दी जा सकती है, जिसमें वे वर्चुअल सिमुलेशन के माध्यम से युद्ध और आपदा प्रबंधन का अभ्यास कर सकते हैं। इसके अलावा, ड्रोन तकनीक के माध्यम से निगरानी और राहत कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। एआई डेटा विश्लेषण में भी मदद करता है, जिससे कैडेट्स बेहतर रणनीति बना सकते हैं और सही समय पर सही निर्णय ले सकते हैं। साथ ही, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी एआई का उपयोग करके कैडेट्स को डिजिटल खतरों से निपटने के लिए तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई आधारित उपकरण कैडेट्स के स्वास्थ्य और फिटनेस की निगरानी में भी सहायक होते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## काले बिल्ले बांधकर सरकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ किया रोष प्रकट

**अंबाला।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर नगर परिषद अंबाला सदर के कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इकाई प्रधान सेवाराम बोहत की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने हाथों पर काले बिल्ले बांधकर सरकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष प्रकट किया।प्रधान सेवाराम बोहत ने कहा कि हरियाणा सरकार कई वर्षों से सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 वर्षों से एक भी सफाई कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है। हाल ही में हुई 18,000 ग्रुप-डी की भर्तियों में भी कार्यरत सफाई कर्मचारियों के समायोजन या पक्का करने पर कोई विचार नहीं किया गया। लगातार सेवा देने के बावजूद कर्मचारियों का भविष्य अंधकार में है। इस रोष प्रदर्शन में मुख्य रूप से राहुल, सुनील नेता, महिंद्र, राजिंदर, धर्मेंद्र, कमल ने अपने विचार रखे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा।

लगातार सेवा देने के बावजूद कर्मचारियों का अंधकार में भविष्य

# जेईई मेन में आरपीएस के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल किया

### जेईई मेन के परीक्षा परिणाम ने साबित कर दिया कि आरपीएस सर्वश्रेष्ठ हब: सीईओ इंजि. मनीष राव

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.956 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर अंक की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ। एकबार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, इंटरनेशनल ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम की खान है। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया कि मयंक कुमार ने 99.95 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.88, लक्ष्य गर्ग ने 99.88, उत्सव कुमार ने 99.85, वैभव महता ने 99.83, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भारद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.75, अंशुल ने 99.73, रूद्रबल ने 99.72, रजत मनेठिया ने 99.67, ईशांत ने 99.67, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, गौरव ने 99.58, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, चिनमय ने 99.41, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, दिव्यान सिंह वालिया ने 99.37, मिलन ने 99.34, परिधि जैन ने 99.33, नमन गुप्ता ने 99.32, आदित्य ने 99.30, आदित्य ने 99.29, अंश ने 99.27, लता ने 99.26, शिवम ने 99.25, जतिन ने 99.25, खुशी ने 99.23, सुमित ने 99.21, साहिल ने 99.18, हिमांशु यादव ने 99.17, युवराज वशिष्ठ ने 99.13, चिराग यादव ने 99.13, रिदम ने 99.13, फ्रियांशी सिंगला ने 99.07, रोहित ने 99.06, सिशांत यादव ने 99.03, अगसत्य ने 99.03, मनन पाहुजा ने 99.03, केशव कुमार 99.02, शिखर यादव ने 99.02 व हितेष कुमार गोयल ने 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बाबा गोपाल दास महाराज बोले-हर जगह पर ईश्वर आभास करने वाला सच्चा भक्त

# सत्संग और सच्ची भक्ति का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सिद्ध किराना मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला, जहां गद्दी सिद्ध किराना सहारनपुर के पीठाधीश्वर बाबा गोपाल दास महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्संग और सच्ची भक्ति का महत्व समझाया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। अपने प्रवचन में बाबा गोपाल दास महाराज ने कहा कि सच्चा भक्त वही होता है जिसे हर स्थान और हर समय ईश्वर का अनुभव होता है। ऐसे भक्तों की रक्षा स्वयं परमात्मा करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल दान, यज्ञ या गंगा स्नान से पापों का नाश तो हो सकता है, लेकिन मनुष्य के भीतर की पाप करने की प्रवृत्ति समाप्त नहीं होती। इसी कारण व्यक्ति बार-बार उन्हीं बुरे कर्मों की ओर आकर्षित हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि नित्य सत्संग और श्रीमद्भागवत जैसे दुर्लभ सद्ग्रंथों का श्रवण ही मनुष्य की बुरी प्रवृत्तियों को जड़ से समाप्त करता है। सत्संग से व्यक्ति के भीतर ईश्वरीय गुणों का विकास होता है, जिससे वह अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकता है। बाबा जी ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते कहा कि भगवान को पाने के लिए दृढ़ निश्चय और सरल हृदय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति बच्चों की तरह निष्कपट, सरल और राग-द्वेष, ईर्ष्या जैसे विकारों से रहित होकर भगवान की भक्ति करता है।



अंबाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते बाबा गोपाल दास महाराज।

#### कथा का लाभ उठाने का आह्वान

, भगवान स्वयं उससे मिलने आते हैं। उन्होंने ध्रुव और प्रह्लाद जैसे महान भक्तों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनकी भक्ति हमें सच्ची श्रद्धा और विश्वास की प्रेरणा देती है। बाबा गोपाल दास ने भारत की महान संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा देश आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध है और यहां की परंपराएं मानव जीवन को उच्च आदर्शों की ओर ले जाती हैं। इस अवसर पर श्री सिद्ध किराना सेवा समिति के सदस्य हनुमान सिंह राजपुरोहित ने जानकारी दी कि यह भागवत कथा 25 अप्रैल तक प्रतिदिन सांय 3 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ उठाने का आह्वान किया।

## हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी मुकेश कुमार को नारायणगढ़ कालाअंब हाईवे से 17 ग्राम 3 मिलिग्राम हेराइन सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी मुकेश कुमार ने बतलाया था कि इस मामले में आरोपी विनोद कुमार भी शामिल हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया है।